तथ्य-पत्र: खाद्य व्यापारों की लायसैन्सिंग
सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस

सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस (SFCR), के अन्तर्गत खाद्य व्यापारों को उनके द्वारा संचालित गतिविधियों के आधार पर लाइसेंस की आवश्यकता होती है। खाद्य व्यापार जो निम्नलिखित गतिविधियों करते हैं, को लाइसेंस की आवश्यकता है:

- खाद्य का आयात करते हैं
- निर्यात करने या प्रान्तों अथवा क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजे जाने के लिये खाद्य को तैयार, संसाधित, उपचारित, संरक्षित, श्रेणीबद्ध, पैकेज या लेबल करते हैं
- ऐसे खाद्य का निर्यात करते हैं जिसके लिये निर्यात प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है - यदि स्वयं तैयार न कर रहे हों तो भी
- निर्यात करने या प्रांतीय या क्षेत्रीय सीमाओं के पार भेजने के लिये ऐसे खाद्य-पशुओं का वध करते हैं जिनसे मांस पदार्थ पाए जाते हैं
- कैनेडियन खाद्य निरीक्षण एजन्सी (CFIA) व्दारा निरीक्षण के लिये मांस पदार्थ को उसकी आयातित स्थिति में स्टोर और संभालते हैं।

हमारे licensing interactive tool. इंटरैक्टिव टूल का उपयोग करके पता लगाएं कि क्या आपको लाइसेंस की आवश्यकता है और अगर है तो कब है। इसमें केवल 5 मिनट लगते हैं।

यह कैसे काम करता है?

व्यापार एक लाइसेंस के आवेदन का चयन कर सकता है जिसमें उसके सभी संस्थानों, गतिविधियों और खाद्य के प्रकार सम्मिलित हो, या अधिक लाइसेंसों का, जो उसके संस्थानों, गतिविधियों और खाद्य के प्रकारों के अनूठे संयोजन को सम्मिलित करता हो।

लाइसेंस के आवेदन के लिये, एक व्यापार को (CFIA) को अर्जी देनी होगी:

- गतिविधियां जिनके लिये लाइसेंस की मांग की जा रही है
- संस्थान के स्थान जहाँ गतिविधियां आयोजित की जाएंगी
- खाद्य के प्रकार जिनके लिये लाइसेंस की मांग की जा रही है
- तसदीक करना कि उनके पास निवारक नियंत्रण है।

यदि कारोबार के पास इस समय कैनेडा कृषि उत्पाद अधिनियम, मछली निरीक्षण अधिनियम या मांस निरीक्षण अधिनियम के अन्तर्गत जारी किया गया प्रमाण-पत्र या लाइसेंस है, तो:

- उसकी अवधि समाप्त होने तक वह वैध रहेगा, SFCR के लागू होने पर भी - तब तक जब तक कि उस पर यह लिखा है कि वह कैनेडियनस के लिये सुरक्षित खाद्य अधिनियम (SFCA) के भी अन्तर्गत जारी किया गया लाइसेंस है।

एक बार अवधि समाप्त होने पर, खाद्य व्यापार SFCR के अन्तर्गत लाइसेंस की मांग करनी पड़ती है।
लाइसेंस, निर्यात प्रमाण पत्र, साथ ही इलेक्ट्रॉनिक भुगतान विकल्पों सहित बढ़ रही ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंचने के लिए आज My CFIA के लिए साइन अप करें।

यह क्यों महत्वपूर्ण है

वर्तमान में सभी कारोबारों को लाइसेंस की आवश्यकता नहीं है। लायसैन्सिंग से CFIA को यह सहायता मिलेगी:

- लक्ष्य निरीक्षणों को निर्धारित करने के लिये खाद्य सुरक्षा खतरों की बेहतर पहचान मैं
- खाद्य व्यापारों को महत्वपूर्ण खाद्य सुरक्षा जानकारी की सूचना सीधे देने में
- प्रवर्तन कार्यवाही करना, जैसे कि नियमात्मक आवश्यकताएं पूरी ना होने पर लाइसेंस निलंबित या रद्द करने में

Learn more अधिक जानकारी के लिये देखें www.inspection.gc.ca/safefood.

इसमें भी आपकी रुचि हो सकती है:

- Licensing interactive tool. लायसैन्सिंग इंटरैक्टिव टूल
- वीडियो : Get Ready for the Safe Food for Canadians Regulations सेफ फूड फार कैनेडियनस रैगूलेशनस के लिये तैयार हो जाएं
- SFCR को समझना: A handbook for food businesses खाद्य व्यापारों के लिये एक पुस्तिका
- Questions and Answers: Licensing प्रश्न और उत्तर: लायसैन्सिंग
- Food business activities that would require a licence under SFCR खाद्य व्यापार गतिविधियाँ जिन्हें SFCR के अन्तर्गत लाइसेंस की आवश्यकता होगी
- What to consider before applying for a Safe Food for Canadians licence कैनेडियनस के लिये सुरक्षित खाद्य लाइसेंस के लिए आवेदन करने से पहले किस पर विचार करें
- वीडियो: Requesting a Safe Food for Canadians Licence कैनेडियनस के लिये सुरक्षित खाद्य लाइसेंस का अनुरोध करना